Under CSR Support by ipca Foundation
missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

अध्याय - 7 | जलाते चलो

QUIZ PART-02

1. **'साक्षी' का अर्थ क्या है?**
   A. मित्र
   B. गवाह
   C. प्रकाश
   D. दीप (B)

व्याख्या : 'साक्षी' का अर्थ गवाह है।

2. **समय किसका साक्षी है?**
   A. दीपक जलाने का
   B. दीपक बनाने का
   C. पवन द्वारा दीपक बुझाने का
   D. नाव चलाने का (C)

व्याख्या : समय पवन द्वारा दीपक बुझाने का साक्षी है।

3. **दीपक की लौ किस तरह जल रही है?**
   A. धुआँ करते हुए
   B. रजत-सी
   C. स्वर्ण-सी
   D. रक्त-सी (C)

व्याख्या : दीपक की लौ स्वर्ण-सी जल रही है।

4. **'तिमिर' का अर्थ क्या है?**
   A. प्रकाश
   B. अंधकार
   C. नदी
   D. दिन (B)

व्याख्या : तिमिर का अर्थ अंधकार है।

5. **तिमिर को उजाला कैसे मिलेगा?**
   A. सूरज से
   B. चाँद से
   C. बुझी ज्योति से
   D. बिजली से (C)

व्याख्या : बुझी ज्योति से तिमिर को उजाला मिलेगा।

6. **दिया और तूफान की कहानी कैसी है?**
   A. नई
   B. समाप्त
   C. चलती रही है
   D. छोटी (C)

व्याख्या : यह कहानी चलती आ रही है और चलती रहेगी।

7. **यदि धरा पर एक भी दिया रहेगा तो क्या होगा?**
   A. अंधकार बढ़ेगा
   B. तूफान आएगा
   C. निशा को सवेरा मिलेगा
   D. कुछ नहीं होगा (C)

व्याख्या : एक दिया भी रहेगा तो निशा को सवेरा मिलेगा।

8. **कविता का संदेश क्या है?**
   A. हार मानना
   B. निरंतर प्रयास
   C. अंधकार फैलाना
   D. दीप बुझाना (B)

व्याख्या : सीखने के परिणाम में निरंतर प्रयास बताया है।

9. **'निशा' शब्द का अर्थ क्या है?**
   A. सुबह
   B. दोपहर
   C. रात
   D. शाम (C)

व्याख्या : 'निशा' का अर्थ रात होता है।

10. **कविता में दीपक किसका प्रतीक है?**
    A. भय का
    B. निराशा का
    C. आशा और साहस का
    D. क्रोध का (C)

व्याख्या : दीपक आशा, साहस और संघर्ष का प्रतीक है।

DESH KA APNA SCHOOL